Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**वार्षिक परीक्षा 2024-25**

**कक्षाः IV____**

**नामः** ________________ **दिनाँक 04.03.25**

**अनुक्रमांक :**___________ **कुलांक 60**

**समयः 2:30 घंटे** **भाग क** **विषयः हिंदी**

**प्र० क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

प्राचीन काल से ही वन मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व रखते थे। वन मानव जीवन के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार हैं। हमारे वन केवल पेड़-पौधों के ही नहीं बल्कि अनेक जीव-जंतुओं व औषधियों का भंडार हैं। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए बहुत ज़रूरी हैं यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं। प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वजों, ऋषियों-मुनियों व संतों के लिए वन तपस्या का प्रमुख स्थान रहा है। इन्हीं वनों में महान ऋषियों के आश्रम रहे हैं जहाँ पर संत एवं उनके शिष्य रहते थे । पीपल और बरगद जैसे पेड़ों की पूजा की जाती है । इसलिए सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए इसी में सबका हित है।

1. मानव जीवन के लिए अनुपम उपहार क्या है ?
2. वन हमारे जीवन के लिए ज़रूरी कैसे हैं ?
3. हमें सभी के हित के लिए क्या करना चाहिए ?
4. गद्यांश में 'तोहफा' शब्द का समानार्थी शब्द ढूँढ कर लिखें ।
5. 'ऋषि मुनियों के रहने का स्थान' - वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें ।

**प्र० ख) नीचे लिखे शब्दों के दो - दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(6)**

6. घोड़ा - 7. इच्छा - 8. मित्र -

**प्र० ग) प्रत्यय लगाकर दो - दो नए शब्द बना कर लिखें -** **(3)**

9. नी - 10. मान - 11. ईला -

**प्र० घ) नीचे दिए अंकों को हिंदी शब्दों में लिखें -** **(4)**

12. 55 - 13. 62 - 14. 73 - 15. 70 -

**प्र० ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -** **(6)**

16. जो सत्य बोलता हो - 19. प्रतिदिन होने वाला -
17. जो पुराने समय का हो - 20. कविताएँ लिखने वाला -
18. जिसके माता - पिता न हो - 21. शहर में रहने वाला -

**प्र० च) नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

22. दाँत खट्टे करना -
23. आकाश - पाताल एक करना -

**भाग ख पाठ्य पुस्तक**

**प्र० छ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(2)**

24. गौरव मामा जी के साथ छुट्टियाँ बिताने कहाँ गया ?
   क) फरीदकोट ख) फिरोज़पुर ग) फिरोज़ाबाद
25. बगीचे में क्या लगा था ?
   क) मधुछत्ता ख) जाला ग) बेल
26. चाउ नाङ्चुम ने किसे पत्र लिखा ?
   क) शंकर ख) सुंदर ग) शिवम
27. आचार्य धन्वंतरि जड़ी की खोज में कहाँ गए?
   क) जंगल ख) आश्रम ग) नदी किनारे

**प्र० ज) नीचे लिखे उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**"तीन दिन तक लगातार भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं को पुष्प , मिठाइयाँ सुगंध आदि अर्पित करते हैं , जल चढ़ाते हैं ।"**

28. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?
29. यह त्योहार कितने दिन तक मनाया जाता है ?
30. इस त्योहार में किसकी पूजा की जाती है ?

**प्र० झ) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें -** **(5)**

31. भ्रमण - 32. बेहाल - 33. मौन - 34. दशा - 35. फुरती -

**प्र० ञ) सही वर्तनी (spellings) चुनें -** **(2)**

36. सर्वोच्च सरवोच्च स्रवोच्च
37. मधुमकखी मधुमक्खी मधुमक्खि
38. कल्याण कल्यान कलयाण
39. परवर्तक प्रवर्तक प्र्वतक

**प्र० ट) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

40. योग्य - 41. सहनीय -

**प्र० ठ) दो- दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(2)**

42. आग - 43. सुगंध -

**प्र० ड) क्रिया का काल लिखें -** **(1)**

44. सभी मित्र बैठकर बातें कर रहे थे । -
45. मैं आपका सम्मान करती हूँ । -

**कक्षा : IV**

**प्र० ढ) सही ( ✓ ) या गलत ( × ) का निशान लगाएँ -** **(1)**

46. साङकेन के जुलूस में लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं। ( )

47. इस दिन से खाम्तियों का नववर्ष प्रारंभ होता है। ( )

**प्र० ण) वाक्यांशों के लिए एक शब्द -** **(2)**

48. जिसे साधा न जा सके -

49. जड़ी - बूटियों द्वारा उपचार करने वाला -

**प्र० त) अति लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1×3=3)**

50. गौरव ने पार्क में क्या किया ?

51. बगीचा कैसा था ?

52. साङकेन किस प्रदेश में मनाया जाता है ?

**प्र० थ) लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

53. आचार्य धन्वंतरि को क्रोध क्यों आया ?

54. साङकेन के त्योहार के लिए सब क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं ?

**प्र० द) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

55. यदि त्योहार न हो तो हमारा जीवन कैसा होगा ?

**प्र० ध) कहानी लेखन -**

56. संकेतों के आधार पर 'दो आलसी' कहानी लिखें - **(5)**

संकेत - दो मित्र....... आलसी स्वभाव ........ पेड़ के नीचे आराम करना ...... आम का गिरना ....... खिलाने को कहना ........ लड़के का आना ....... आम उठा कर चले जाना ........ पछताना........ ।

शिक्षा -

Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**वार्षिक परीक्षा 2024-25**

**नामः _______________ कक्षाः IV____ दिनाँक 04.03.25**

**अनुक्रमांक :__________ उत्तर कुँजी कुलांक 60**

**समयः 2:30 घंटे भाग क विषयः हिंदी**

**प्र० क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें - (5)**

प्राचीन काल से ही वन मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व रखते थे। वन मानव जीवन के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार हैं। हमारे वन केवल पेड़-पौधों के ही नहीं बल्कि अनेक जीव-जंतुओं व औषधियों का भंडार हैं । वन पृथ्वी पर जीवन के लिए बहुत ज़रूरी हैं यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं । प्राचीनकाल से ही हमारे पूर्वजों, ऋषियों-मुनियों व संतों के लिए वन तपस्या का प्रमुख स्थान रहा है । इन्हीं वनों में महान ऋषियों के आश्रम रहे हैं जहाँ पर संत एवं उनके शिष्य रहते थे । पीपल और बरगद जैसे पेड़ों की पूजा की जाती है । इसलिए सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए इसी में सबका हित है।

1. मानव जीवन के लिए अनुपम उपहार क्या है ?

**उ० वन मानव जीवन के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार है।**

2. वन हमारे जीवन के लिए ज़रूरी कैसे हैं **?**

**उ० वन प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं ।**

3. हमें सभी के हित के लिए क्या करना चाहिए ?

**उ० हमें सभी को हित के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ।**

4. गद्यांश में 'तोहफ़ा' शब्द का समानार्थी शब्द ढूँढ कर लिखें ।

**उ० 'तोहफ़ा' शब्द का समानार्थी शब्द 'उपहार' है।**

5. 'ऋषि मुनियों के रहने का स्थान' - वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें ।

**उ० आश्रम**

**प्र० ख) नीचे लिखे शब्दों के दो - दो समानार्थी शब्द लिखें - (6)**

6. घोड़ा - **अश्व, तुरंग** 7. इच्छा - **चाह, कामना** 8. मित्र - **सखा, दोस्त**

**प्र० ग) प्रत्यय लगाकर दो - दो नए शब्द बना कर लिखें - (3)**

9. नी - **मोरनी, चोरनी** 10. मान - **शक्तिमान, हनुमान** 11. ईला - **चमकीला, भड़कीला**

**प्र० घ) नीचे दिए अंकों को हिंदी शब्दों में लिखें - (4)**

12. 55 - **पचपन** 13. 62 - **बासठ** 14. 73 - **तिहत्तर** **15. 70 - सत्तर**

**प्र० ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें - (6)**

16. जो सत्य बोलता हो - **सत्यवादी**
17. जो पुराने समय का हो - **प्राचीन**
18. जिसके माता पिता न हो - **अनाथ**
19. प्रतिदिन होने वाला - **दैनिक**
20. कविताएँ लिखने वाला **- कवि**
21. जो शहर में रहता हो - **शहरी**

**कक्षा :IV**

**प्र० च) नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(3)**

22. दाँत खट्टे करना - **बुरी तरह हराना ।**

**वाक्य - कारगिल के युद्ध में हमने दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिए ।**

23. आकाश - पाताल एक करना - **बहुत प्रयत्न करना ।**

**वाक्य - कक्षा में प्रथम आने के लिए मोहन ने आकाश - पाताल एक कर दिया ।**

## भाग ख पाठ्य पुस्तक

**प्र० छ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(2)**

24. गौरव मामा जी के साथ छुट्टियाँ बिताने कहाँ गया ?

क) फरीदकोट **ख) फिरोज़पुर** ग) फिरोज़ाबाद

25. बगीचे में क्या लगा था ?

**क) मधुछत्ता** ख) जाला ग) बेल

26. चाउ नाङ्चुम ने किसे पत्र लिखा ?

क) शंकर ख) सुंदर **ग) शिवम**

27. आचार्य धन्वंतरि जड़ी की खोज में कहाँ गए?

**क) जंगल** ख) आश्रम ग) नदी किनारे

**प्र० ज) नीचे लिखे उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**"तीन दिन तक लगातार भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं को पुष्प , मिठाइयाँ सुगंध आदि अर्पित करते हैं , जल चढ़ाते हैं ।"**

28. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

**उ० यह उद्धरण 'साङ्केन का त्योहार' पाठ में से लिया गया है ।**

29. यह त्योहार कितने दिन तक मनाया जाता है ?

**उ० यह त्योहार तीन दिन तक मनाया जाता है ।**

30. इस त्योहार में किसकी पूजा की जाती है ?

**उ० इस त्योहार में भगवान बुद्ध की पूजा की जाती है ।**

**प्र० झ) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें -** **(5)**

31. भ्रमण - **घूमना, सैर** 32. बेहाल - **बेचैन** 33. मौन - **चुप** 34. दशा - **हालत** **35 फुरती - चुस्ती**

**प्र० ञ) सही वर्तनी (spellings) चुनें -** **(2)**

36. **सर्वोच्च** सरवोच्च स्रवोच्च

37. मधुमकखी **मधुमक्खी** मधुमक्खि

38. **कल्याण** कल्यान कलयाण

39. परवर्तक **प्रवर्तक** प्रर्वतक

**प्र० ट) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

40. योग्य - **अयोग्य** 41. सहनीय - **असहनीय**

**प्र० ठ) दो- दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(2)**

42. आग - <u>**अनल, पावक**</u>  43. सुगंध - <u>**खुशबू, महक**</u>

**प्र० ड) क्रिया का काल लिखें -** **(1)**

44. सभी मित्र बैठकर बातें <u>कर रहे थे</u> । - <u>**भूतकाल**</u>

45. मैं आपका सम्मान करती हूँ । - <u>**वर्तमान काल**</u>

**प्र० ढ) सही ( ✓ ) या गलत ( × ) का निशान लगाएँ -** **(1)**

46. साङकेन के जुलूस में लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं। ( **×** )

47. इस दिन से खाम्तियों का नववर्ष प्रारंभ होता है। ( ✓ )

**प्र० ण) वाक्यांशों के लिए एक शब्द -** **(2)**

48. जिसे साधा न जा सके - असाध्य  49. जड़ी - बूटियों द्वारा उपचार करने वाला - <u>**वैद्य**</u>

**प्र० त) अति लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1×3=3)**

50. गौरव ने पार्क में क्या किया ?

**उ० गौरव ने पार्क में मामा जी के साथ दौड़ लगाई और व्यायाम (कसरत) किया ।**

51. पेड़ पर क्या लगा हुआ था ?

**उ० पेड़ पर मधुछत्ता लगा हुआ था ।**

52. साङकेन किस प्रदेश में मनाया जाता है?

**उ० साङकेन अरुणाचल प्रदेश में मनाया जाता है।**

**प्र० थ) लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

53. आचार्य धन्वंतरि को क्रोध क्यों आया ?

**उ० आचार्य धन्वंतरि बहुत दिनों से अपने फोड़े के इलाज के लिए जड़ी बूटी ढूँढ रहे थे लेकिन उन्हें वह कहीं दिखाई नहीं दे रही थी । असहनीय पीड़ा , थकान और निराशा से उन्हें क्रोध आने लगा ।**

54. **साङकेन** के त्योहार के लिए सब क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं ?

**उ० साङकेन के त्योहार से पहले सब घर की सफाई करते हैं। घर को फूलों से सजाते हैं और स्वादिष्ट पकवान बनते हैं ।**

**प्र० द) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

55. यदि त्योहार न हो तो हमारा जीवन कैसा होगा ?

**उ० यदि जीवन में त्योहार न होते तो जीवन नीरस हो जाता । त्योहार हमारे जीवन में उमंग और उत्साह भरते हैं । विभिन्न त्योहार हमारे जीवन में पवित्रता, त्याग, सत्य और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हैं ।**

**प्र० ध) कहानी लेखन -**

56. संकेतों के आधार पर 'दो आलसी' कहानी लिखें - **(5)**

संकेत - दो मित्र....... आलसी स्वभाव ........ पेड़ के नीचे आराम करना ...... आम का गिरना ....... खिलाने को कहना ........ लड़के का आना ... .... आम उठा कर चले जाना ........ पछताना........ ।

शिक्षा -

**उ० विद्यार्थी स्वयं करेंगे ।**